# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 13.11.2024, PAGE-04

# स्पेशल परीक्षा के लिए बनेंगे 12 केंद्र

## बीआरएबीयू में तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए पार्ट वन की होगी आखिरी परीक्षा

**18** से होनी है परीक्षा, 22 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

**5** जिलों में केंद्रों की सूची अंतिम रूप से आज की जाएगी जारी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए पांच जिलों में केंद्र बनेंगे। परीक्षा विभाग के स्तर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। स्पेशल परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर व वैशाली जिले में तीन-तीन केंद्र बनाए जाएंगे। वहीं पश्चिम व पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी जिले में दो-दो केंद्र बनेंगे। बताते हैं कि बुधवार को परीक्षा विभाग की ओर से केंद्रों की सूची को अंतिम रूप देते हुए जारी किया जाएगा। टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा 18 नवंबर से होनी है। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से पहले ही परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा के लिए केंद्रों का निर्धारण किया जा रहा है।

**इसके बाद नहीं होगी कोई पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा:** तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत यह पार्ट वन की आखिरी परीक्षा हो रही है। इसके बाद टीडीसी पार्ट वन की कोई भी स्पेशल परीक्षा नहीं होगी। अगर अब तक कोई छात्र इस परीक्षा के लिए अपना फार्म नहीं भर सके हैं तो उन्हें कोई भी मौका नहीं मिलेगा। उन्हें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के लिए दोबारा रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष से चार वर्षीय स्नातक कोर्स की शुरुआत हो चुकी है। अब तीन वर्षीय स्नातक कोर्स की स्पेशल परीक्षा विश्वविद्यालय की ओर से नहीं होगी। इसमें पिछले तीन सत्रों में छूटे हुए, फेल व प्रमोट हुए छात्र-छात्राओं को अपना रिजल्ट क्लियर करने का मौका दिया जा रहा है। स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा में 2019-22, 2020-23, 2021-24 व 2022-25 की प्रथम वर्ष की परीक्षा में प्रमोट, अनुपस्थित, फेल या छूटे हुए विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।

**परीक्षा के लिए जारी होगा एडमिट कार्ड:** स्पेशल परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड तैयार किया जा रहा है। सबकुछ ठीक रहा है तो गुरुवार को एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। इसकी सूचना सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से दी जाएगी। वहीं उन्हें संबंधित कालेज में हस्ताक्षर और मुहर के साथ प्रवेश पत्र हासिल कर सकेंगे। ससमय एडमिट कार्ड जारी होने पर उसमें किसी तरह की त्रुटि होने पर सुधार किया जा सकेगा।

### वोकेशनल कोर्स को मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीबीए, बीसीए समेत अन्य तकनीकी कोर्स के संचालन के लिए मान्यता से लेकर मान्यता विस्तार के लिए अब एआइसीटीई ने प्रक्रिया शुरू की है। नए संस्थान को पहली बार मान्यता के लिए कोर्स का संचालन करने वाले संस्थानों को मान्यता विस्तार के लिए आवेदन करना होगा। इसको लेकर एआइसीटीई की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

बताया गया है कि नए संस्थान 14 से 26 दिसंबर व पूर्व से कोर्स का संचालन करने वाले संस्थान 30 दिसंबर से 13 जनवरी तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन करेंगे। वहीं जुर्माने के साथ संस्थानों के लिए 18 जनवरी से दो फरवरी तक आवेदन की तिथि निर्धारित की है। एआइसीटीई की ओर से मौजूदा सत्र में ही बीबीए, बीसीए समेत तकनीकी कोर्स के संचालन के लिए मान्यता अनिवार्य की गई है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अधिकतर कालेजों में वोकेशनल कोर्स के रूप में बीबीए व बीसीए कोर्स का संचालन हो रहा है। साथ ही इंजीनियरिंग, प्लानिंग, अप्लाइड आर्टस एंड क्राफ्टस डिजाइन, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजी, कंप्यूटर एप्लीकेशंस व मैनेजमेंट कोर्स के संचालन के लिए एआइसीटीई से मान्यता लेना अनिवार्य है।



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:13.11.2024, PAGE-04

# विवि : इंक्यूबेशन सेंटर में बनेगा हर्बल माउथवाश

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में हर्बल माउथ वाश बनेगा. इंक्यूबेशन सेंटर के लिए चयनित पीजी रसायनशास्त्र विभाग में



इसको लेकर टेस्टिंग की जाएगी. टेस्टिंग सफल होने के बाद विवि की ओर से बड़े स्तर पर इसका प्रोडक्शन होगा. साथ ही इस प्रोडक्ट को आम लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. बाजार की कीमत से कम दर पर लोग इसे खरीद सकेंगे. विवि की ओर से इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है. इंक्यूबेशन सेंटर में फ्लोर क्लीनर के बाद हर्बल माउथ वाश बनाने को लेकर तैयारी चल रही है. विवि ने अपने बिजनेस मॉडल के तहत इस सेंटर की शुरुआत की है. नैक में इसका भी प्वाइंट मिलेगा. वहीं विवि को इससे आर्थिक लाभ भी मिलेगा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.11.2024, PAGE-06

## खेलो इंडिया गेम्स खेलेगी विवि की बैडमिंटन टीम




मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू मेंस बैडमिंटन टीम अगले साल 2025 में पहली बार खेलो इंडिया गेम्स खेलेगी। विवि की मेंस बैडमिंटन टीम ने इंफाल में चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैम्पियनशिप के आधार पर खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई किया है। टीम दिसंबर में झुंझनू के जेटीटी यूनिवर्सिटी में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भी भाग लेगी। इससे पहले टीम ने 14 साल पूर्व ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी में चौथा स्थान लाकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया था।

## 'बौद्धिक संपदा रचनाकारों को कानूनी सुरक्षा देता है'

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को बौद्धिक संपदा अधिकार: नेविगेटिंग पेटेंट्स, पब्लिकेशन एंड प्रोजेक्ट फंडिंग विषय पर सेमिनार हुआ। इसमें आईआईटी रोपड़ के छात्र रहे एक निजी कंपनी के सीईओ रौशन कुमार सिंह ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार रचनाकारों और आविष्कारकों को उनकी रचनाओं के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। विभागाध्यक्षा डॉ. रंजना कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:13.11.2024, PAGE-06

## बीआरएबीयू : कमजोर बच्चों की पहचान कर पढ़ाया जाएगा

# विवि में शुरू होगी रेमेडियल क्लास, प्रस्ताव हो रहा तैयार

- शिक्षकों के अलावा शोध छात्र भी रेमेडियल क्लास में पढ़ा सकेंगे
- विश्वविद्यालय व सभी कॉलेजों में होगा शुरू
- यूजीसी ने पहले ही दिया था इसका निर्देश



मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में छात्रों के लिए रेमेडियल क्लास शुरू की जाएगी। इसके लिए विवि प्रशासन प्रस्ताव तैयार कर रहा है। विवि अनुदान आयोग ने पिछले साल ही सभी विश्वविद्यालयों को रेमेडियल क्लास शुरू करने का निर्देश दिया था। विवि प्रशासन जल्द ही रेमेडियल क्लास की रूपरेखा तैयार करेगा। विश्वविद्यालयों के पीजी विभाग के साथ कॉलेजों में भी यह शुरू होगी।

बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि हमलोग रेमेडियल क्लास शुरू करने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि रेमेडियल क्लास के लिए पढ़ाई में कमजोर बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। कमजोर बच्चों को अलग से शिक्षक रेमेडियल क्लास में पढ़ाएंगे। रेमेडियल क्लास में शिक्षकों के अलावे शोध छात्र भी कक्षा ले सकेंगे। विश्वविद्यालय का कहना है कि इससे शोध छात्रों को कक्षा में पढ़ाने का अनुभव भी होगा। विश्वविद्यालय में चलने वाली रेमेडियल क्लास में विषय के विशेषज्ञ कक्षा लेंगे। क्लास लेने वालों को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। रेमेडियल क्लास में छात्रों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा ताकि उनकी समझ में सारी बातें आसानी से आए और पढ़ाई उनके लिए बोझिल न हो। रेमेडियल क्लास में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और विवि स्तर पर होने वाली परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

## 10 केंद्रों पर होगी पार्ट वन की विशेष परीक्षा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक पार्ट वन की विशेष परीक्षा 10 केंद्रों पर होगी। परीक्षा विभाग की बैठक में परीक्षा केंद्रों पर मुहर लगी। परीक्षा 18 नवंबर से होगी। परीक्षा में 25 हजार छात्र शामिल होंगे। परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर में तीन, हाजीपुर में तीन, पूर्वी और पश्चिम चंपारण में दो और सीतामढ़ी में दो केंद्र बनाये गये हैं। एक से दो दिनों में एडमिट कार्ड जारी होने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

DAINIK BHASKAR
MUZAFFARPUR,
DATE : 13.11.2024
PAGE-06

## इनक्यूबेशन सेंटर में तैयार होगा हर्बल माउथ वाश

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू के इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में जल्द ही हर्बल माउथ वाश तैयार किया जाएगा। विश्वविद्यालय के पीजी रसायनशास्त्र विभाग में इनक्यूबेशन सेंटर बनाया गया है। यहां पहले फ्लोर क्लीनर बनाया गया है। अब हर्बल माउथ वाश तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे तैयार करने के बाद टेस्टिंग की जाएगी। टेस्टिंग में सफल होने पर विवि की ओर से इसे बाजार में उतारा जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। स्थानीय बाजार में इसे उपलब्ध कराते हुए विश्वविद्यालय इससे अपनी आय बढ़ाएगा। आने वाले दिनों में और भी नए प्रोडक्ट बनाए जाने की योजना है। दूसरी ओर नैक मूल्यांकन में भी इसे विवि अपने बिजनेस मॉडल के तहत प्रदर्शित करेगा। इसका भी मूल्यांकन में प्वाइंट मिलेगा।